प्रतिदर्श प्रश्नपत्र

2019

विषय : अर्थशास्त्र (केवल प्रश्न पत्र)
कक्षा–12

समय : तीन घण्टे 15 मिनट **पूर्णांक : 100**

निर्देशः– प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित है।

नोटः i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

ii) प्रश्न संख्या 1 से 12 तक बहुविकल्पीय हैं, जिनका केवल सही उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखनी है। प्रश्न संख्या–13 से 16 तक अति लघुउत्तरीय है, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 25 शब्दों में, प्रश्न संख्या–17 से 22 तक लघु उत्तरीय है, जिसका उत्तर प्रत्येक लगभग 50 शब्दों में, प्रश्न संख्या 23 से 28 तक विस्तृत उत्तरीय है, जिनका उत्तर प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में लिखना है।

iii) प्रत्येक प्रश्न के लिये निर्धारित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिये।

1. द्रव्य के माध्यम से किया जाने वाला विनिमय कहलाता है– 1

(i) वस्तु–विनिमय (ii) प्रत्यक्ष–विनिमय

(iii) क्रय–विक्रय (iv) इनमें से कोई नहीं

2. किसी वस्तु का मूल्य–निर्धारित होता है उसकी : 1

(i) मांग द्वारा (ii) पूर्ति द्वारा

(iii) मांग और पूर्ति द्वारा (iv) इनमें से कोई नहीं

3. जब सीमान्त लागत घटती है तो औसत लागत : 1

(i) स्थिर रहती है (ii) तेजी से गिरती है

(iii) तेजी से बढ़ती है (iv) इनमें से कोई नहीं

4. मजदूरी श्रम की कीमत है। यह कथन किसका हैः 1

(i) मार्शल का (ii) रिकार्डो का

(iii) माल्थस का (iv) जेनन्स का

5. लोक वित्त की विषय–वस्तु सम्बन्धित है : 1

(i) सरकार के व्यय से (ii) सरकार की आय से

(iii) सरकार के ऋण से (iv) सरकार के आय, व्यय, ऋण एवं राजकोषीय नीति से

6. भारत की राष्ट्रीय आय में सबसे अधिक योगदान है : 1

(i) उद्योगों का (ii) कृषि का

(iii) बैंकों का (iv) निर्यात का

7. भारत में प्रति 1000 पुरूषों पर स्त्रियों की संख्या कितनी है :1

(i) 972 (ii) 930

(iii) 933 (iv) 940

8. प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना में सम्मिलित किया गया है : 1

(i) ग्राम सड़क योजना (ii) ग्रामीण आवास योजना

(iii) ग्रामीण पेयजल परियोजना (iv) उपर्युक्त सभी

9. भारत में साक्षरता का प्रतिशत अधिक है : 1

(i) स्त्रियों में (ii) पुरूषों में

(iii) दोनों में बराबर (iv) इनमें से कोई नहीं

10. भारत में विदेशी व्यापार किस देश के साथ सबसे अधिक होता है? 1

(i) अमेरिका (ii) ग्रेट ब्रिटेन

(iii) जर्मनी (iv) जापान

11. भारत को प्राप्त विदेशी सहायता में सम्मिलित है : 1

(i) ऋण (ii) अनुदान

(iii) ऋण एवं अनुदान (iv) इनमें से कोई नहीं

12. भारत के नियोजन काल में व्यापार संतुलन की दृष्टि से कौन सा कथन सत्य है? 1

(i) सभी वर्षों में अनुकूल रहा

(ii) सभी वर्षों में प्रतिकूल रहा

(iii) केवल दो वर्षों में अनुकूल रहा

(iv) केवल दो वर्षों में प्रतिकूल रहा

(अति लघु–उत्तरीय प्रश्न)

13. अप्रत्यक्ष कर की परिभाषा लिखिये। 4

14. सकल घरेलू उत्पादन (GDP) किसे कहते हैं? 4

15. तीव्र जनसंख्या वृद्धि में किन्ही दो दुष्परिणामों का उल्लेख कीजिए? 4

16. राष्ट्रीय वन नीति (1988) के उद्देश्य लिखिये? 4

(लघु–उत्तरीय प्रश्न)

17. समय के आधार पर बाजार के वर्गीकरण को लिखिए? 5

18. सीमा शुल्क पर व्याख्यात्मक टिप्पणी लिखिये। 5

19. राष्ट्रीय आय की गणना में वैचारिक कठिनाइयों को समझाइयें? 5

20. भारत की नई जनसंख्या नीति समझाइये? 5

21. भारतीय रिजर्व बैंक के कार्य लिखिये? 5

22. इण्टरनेट पर टिप्पणी लिखिये? 5

(विस्तृत–उत्तरीय प्रश्न)

23. पूर्ण प्रतियोगिता की दशा में उद्योग एवं फर्म के सम्बन्ध का सचित्र वर्णन कीजिए? 7

अथवा

अपूर्ण प्रतियोगिता की दशा में अल्पकाल में लाभ, हानि एवं सामान्य लाभ की दशा का सचित्र वर्णन कीजिए? 7

24. रिकार्डो द्वारा दिये गये लगान सिद्धान्त का वर्णन कीजिए? 7

अथवा

वितरण के सीमान्त उत्पादकता सिद्धान्त की विवेचना कीजिए? 7

25. कीन्स के ब्याज के तरलता पसन्दगी सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए? 7

अथवा

लाभ के अनिश्चितता वहन सिद्धान्त का वर्णन कीजिए? 7

26. ग्रामीण स्वच्छता कार्यक्रम को विस्तार से समझाइये? 7

अथवा

सामाजिक वानिकी से क्या तात्पर्य है? सामाजिक वानिकी के उद्देश्य बताइये? 3+4

27. ब्यापार संतुलन से क्या आशय है। भारत के प्रतिकूल ब्यापार संतुलन के कारण लिखिये? 3+4

अथवा

भुगतान संतुलन को परिभाषित कीजिए? भुगतान संतुलन की मदें बताइये? 3+4

28. निम्न तालिका से समानान्तर माध्य ज्ञात कीजिये? 7

अंक		छात्रों की संख्या
0 –10	–	10
10–20	–	12
20–30	–	20
30–40	–	15
40–50	–	10
50–60	–	13

अथवा

29. निम्न आवृत्ति –वंटन से माध्यिका ज्ञात कीजिए? 7

अंक		आवृत्ति
0 –10	–	8
10–20	–	10
20–30	–	15
30–40	–	20
40–50	–	25
50–60	–	12
60–70	–	10

*****